C.U.J
Mail System

VC CUJ <vc@cuj.ac.in>

विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सभी विषयों के शिक्षक कला, वाणिज्य, विज्ञान और प्रबंध के शिक्षकों एवं विद्यार्थी, शोधार्थी को प्रतिभागिता हेतु निर्देशित करने के संबंध में।

2 messages

विश्व हिंदी परिषद <vhphelpdeskmail@gmail.com> Wed, Aug 7, 2019 at 1:17 PM
To: vishwahindiparishadoffice@gmail.com
Bcc: vc@cuj.ac.in

महोदय,
अत्यंत ही हर्ष के साथ आपको सूचित किया जाता है कि विश्व हिंदी परिषद द्वारा महात्मा गाँधी जी की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर एन.डी.एम.सी सभागार में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आपके विश्वविद्यालय, महाविद्यालय के विभिन्न विषयों के शिक्षकों एवं शोधार्थियों को प्रतिभागी के रूप में भाग लेने का सुनहरा मौका है। महात्मा गाँधी के व्यक्तित्व का आयाम इतना विशाल और विहंगम है जिसे जितने दृष्टिकोण से देखें उतने ही आयाम परिलक्षित होते हैं।

दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय "बहुआयामी गाँधी: विविध परिदृश्य" रखा गया है, जिसमें विभिन्न निर्धारित विषयों के आलेख आमंत्रित हैं साथ ही विविध विषयों के शिक्षक एवं शोधार्थी प्रतिभागी के रूप में आमंत्रित हैं।

सम्मेलन के लिए मौलिक और अप्रकाशित आलेख आमंत्रित हैं। इच्छुक प्रतिभागियों से यह निवेदन है कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 150वीं वर्षगांठ पर अपनी मूल्यवान लिपिबद्ध स्मृतियाँ अवश्य साझा करें। इस संगोष्ठी में हर इच्छुक व्यक्ति भागीदारी कर सकता है। इसमें पेशे, कार्य, विचारधारा, व्यवसाय, क्षेत्र, भाषा और विषय आदि किसी भी प्रकार की कोई भी पाबंदी नहीं है। मुख्य विषय और उपरोक्त विषयों के अतिरिक्त अन्य संदर्भित आयामों पर भी आलेख भेजे जा सकते हैं। स्तरीय आलेखों का प्रकाशन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रकाशक द्वारा करवाने की योजना है। सभी मामलों में सम्मेलन संयोजक मंडल का निर्णय अंतिम और मान्य होगा।

नोट:- पंजीकरण एवं आलेख हेतु विस्तृत जानकारी संलग्न प्रपत्र में दी गई है। स्थान सीमित है, अतः आप यथाशीघ्र विश्व हिंदी परिषद के वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए **www.vishwahindiparishad.org** पर जा सकते है।

सादर,
दीपक कुमार
कार्यालय प्रभारी
विश्व हिंदी परिषद
सम्पर्क - 8586016348 | 011- 41021455
www.vishwahindiparishad.org
फ़ेसबुक - हमसे जुड़ें।
vhphelpdeskmail@gmail.com